**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**30.10.2025/प्रादेशिक समाचार/18.00 बजे**

## भेंट

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल शाम नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से भेंट की। उन्होंने प्रदेश के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत अगले वित्त वर्ष के आबंटन में 2 सौ करोड़ रूपए की वृद्धि करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार की हिस्सेदारी बढ़ाने का भी आग्रह किया, ताकि 90–10 का अनुपात बना रहे। उन्होंने प्रदेश में चिकित्सा सेवाओं के लिए राज्य सरकार के प्रयासों की भी जानकारी दी और कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती के लिए प्रयासरत्त है।

## चन्द्र कुमार

कृषि मंत्री चन्द्र कुमार ने देश व प्रदेश के निर्माण में श्रमिकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया है। कांगड़ा जिले के ज्वाली में आज भवन व अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा आयोजित शिविर में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने श्रमिक वर्ग के उत्थान के लिए ठोस कदम उठाए हैं और बोर्ड के माध्यम से पात्र श्रमिकों को आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जा रही है। कृषि मंत्री ने अधिकारियों और बोर्ड कर्मचारियों को पंचायत स्तर तक जाकर श्रमिक कल्याण योजनाओं का प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिए।

## विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के परगना चौथा में आज करीब 8 करोड़ रूपए की परियोजनाओं के उदघाटन व शिलान्यास किए। इनमें गड़काहन–शड़ोह सम्पर्क सड़क का शिलान्यास, स्नाहू–श्यालटी मार्ग और देवला में पशु औषधालय का उदघाटन शामिल है। गड़काहन में महिला सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण पर बल दे रही है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि शाली माता मंदिर स्थानीय लोगों की आस्था का केन्द्र है ऐसे में इस मंदिर तक सड़क पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

## धर्माणी

नगर व ग्राम नियोजन और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने आज घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में 60 लाख रूपए से बनी बरोटा–चनीण–गतोड़ सड़क का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि कि इस सड़क के शुरू होने से करीब 5 हजार लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। धर्माणी ने कहा कि मार्ग के बनने से स्थानीय कृषि उत्पादों को बाजार तक ले जाने में भी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से ग्रामीण सड़कों के सुदृढ़ीकरण और आधुनिकीकरण की दिशा में कार्य कर रही हैं। उन्होंने घुमारवीं में 25 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले खेल परिसर निर्माण स्थल का निरीक्षण भी किया।

## दिशा बैठक

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने आज हमीरपुर में जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अधिकारियों को जिले में चल रहे विकास कार्यों को गति देने और इनमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। अनुराग ठाकुर ने जिले में नए शहरी निकायों को केन्द्र सरकार की अधिक से अधिक योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए व्यापक कार्य करने पर भी बल दिया।

## कार्यशाला

हिमाचल सहित उत्तरी क्षेत्र के राज्यों के वैटलैंड संरक्षण के विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला आज शिमला में शुरू हुई। इस कार्यशाला का आयोजन राज्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी व पर्यावरण परिषद और पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सहयोग से किया जा रहा है। राज्य विज्ञान प्रौद्योगिकी व पर्यावरण परिषद के संयुक्त सदस्य सुरेश कुमार अत्री ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य वैटलैंड के संरक्षण, प्रबंधन और इनके विवेकपूर्ण प्रयोग के लिए अनुभव साझा करना और नई रणनीति पर विचार–विमर्श करना है।

## स्वच्छता रैली

सूचना व प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो हमीरपुर द्वारा एकीकृत संचार और आउटरीच कार्यक्रम के तहत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बणी में आज स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। संस्थान के प्रधानाचार्य राजेश कुमार शर्मा ने रैली को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने समाज को स्वच्छता को संदेश दिया।

———————————